CBSE Class 12 Hindi Core 2017 - 2/1/1 - Annual

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'आधुनिक भारतीय भाषाएँ' सुनकर आप इस भ्रम में न पड़ें कि ये सभी 'आज' की देन हैं। ये सभी भाषाएँ अति प्राचीन हैं। अनेक तो सीधे संस्कृत या वैदिक भाषा से जुड़ती हैं। वे इस अर्थ में आधुनिक हैं कि समय के साथ चलकर अतीत से वर्तमान तक पहुँची हैं और जीवंत और विकासशील बनी हुई हैं। उनके आधुनिक होने का एक कारण यह भी है कि आधुनिक विचारों को वहन करने में वे कभी पीछे नहीं रहीं। इनका साहित्य समय की कसौटी पर खरा उतरा है और ये सभी आधुनिक भारत की प्राणवायु हैं।

किसी भी भाषा का पहला काम होता है दो व्यक्तियों या दो समूहों के बीच संपर्क स्थापित करने का माध्यम बनना। यह मानव समूहों के बीच सेतु का काम करती है। इसे चाहे प्रकृति की देन मानिए चाहे ईश्वर की, भाषा से बड़ी कोई देन नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में मानव की समस्त उपलब्धियाँ मूलत: भाषा की देन हैं।

अब जहाँ तक हिंदी का प्रश्न है, उसमें उपर्युक्त विशेषताएँ तो हैं ही, साथ ही सबसे निराली विशेषता है उसकी नमनीयता। इसमें स्वाभिमान है, अहंकार नहीं। हिंदी हर परिस्थिति में अपने आपको उपयोगी बनाए रखना जानती है। यह ज्ञान और शास्त्र की भाषा भी है और लोक की भी, उत्पादक की भी और उपभोक्ता की भी। इसीलिए यह स्वीकार्य भी है।

1(क). गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

1(ख). 'आधुनिक' विशेषण से हम किस भ्रम में पड़ सकते हैं? उसे "भ्रम" क्यों कहा गया है?

1(ग). आज की भारतीय भाषाएँ किस अर्थ में आधुनिक हैं? दो कारणों का उल्लेख कीजिए।

1(घ). कोई भाषा किनके बीच पुल बनाने का काम करती है? कैसे?

1(ङ). हिंदी की निराली विशेषता क्या है? उसका आशय समझाइए।

1(च). हिंदी की स्वीकार्यता के दो कारण स्पष्ट कीजिए।

1(छ). 'नमनीयता' से लेखक का क्या आशय है?

1(ज). आशय स्पष्ट कीजिए : 'भाषा से बड़ी कोई देन नहीं है।'

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज खोले वक्ष
उन्नत शीश, रक्तिम नेत्र
तुझको दे रहा हूँ, ले, चुनौती
गगनभेदी घोष में
दृढ़ बाहुदंडों को उठाए!
क्योंकि मैंने आज पाया है स्वयं का ज्ञान
क्योंकि मैं पहचान पाया हूँ कि मैं हूँ मुक्त, बंधनहीन
और तू है मात्र भ्रम, मन-जात, मिथ्या वंचना,
इसलिए इस ज्ञान के आलोक के पल में
मिल गया है आज मुझको सत्य का आभास
और ओ मेरी नियति!
मैं छोड़कर पूजा
– क्योंकि पूजा है पराजय का विनत स्वीकार –
बाँधकर मुट्ठी तुझे ललकारता हूँ,
सुन रही है तू?
मैं खड़ा तुझको यहाँ ललकारता हूँ!

2(क). कवि की चुनौती देने की मुद्रा कैसी है?

2(ख). चुनौती किसे दी जा रही है? उसे कवि क्या मानता है?

2(ग). कवि को मिला ज्ञान और उसकी पहचान क्या है?

2(घ). कवि पूजा को क्या मानता है और क्यों?

2(ङ). काव्यांश का केंद्रीय भाव लिखिए।

Section ख

3(क). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : भारतीय संस्कृति

3(ख). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : महिला सशक्तीकरण

3(ग). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : मेरा प्रिय लेखक

3(घ). निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : कश्मीर समस्या

4. सहकारी बैंक की एक शाखा अपने ग्राम में खोलने के लिए अनुरोध करते हुए ज़िला मुख्यालय में स्थित बैंक के प्रधान प्रबंधक को पत्र लिखिए। बैंक खोलने का औचित्य भी लिखिए।

OR

4. अपने क्षेत्र के सांसद को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि आपके ग्राम में एक पुस्तकालय की स्थापना अपनी सांसद निधि से करवाएँ। इसका औचित्य भी समझाइए।

5(क). निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : संपादकीय का महत्त्व लिखिए।

5(ख). निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की लोकप्रियता के दो कारण लिखिए।

5(ग). निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : समाचारों के स्रोत से आप क्या समझते हैं?

5(घ). निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : स्टिंग ऑपरेशन के दो लाभ लिखिए।

5(ङ). निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : संपादन के सिद्धांतों में 'तथ्यपरकता' (एक्यूरेसी) का क्या आशय है?

6. 'स्वच्छ भारत अभियान' विषय पर एक आलेख लिखिए।

OR

6. 'ज़रूरी है जल की बचत' विषय पर एक आलेख लिखिए।

7. "मुझे जन्म देने से पहले ही मत मारो माँ!" विषय पर एक फ़ीचर लिखिए।

OR

7. "जाति प्रथा : एक अभिशाप" विषय पर एक फ़ीचर लिखिए।

Section ग

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

तिरती है समीर-सागर पर

अस्थिर सुख पर दुख की छाया

जग के दग्ध हृदय पर

निर्दय विप्लव की प्लावित माया

यह तेरी रण-तरी

भरी आकांक्षाओं से,

घन, भेरी-गर्जन से सजग सुप्त अंकुर

उर में पृथ्वी के, आशाओं से

नवजीवन की, ऊँचाकर सिर,

ताक रहे हैं, ऐ विप्लव के बादल!

8(क). कवि ने निर्दय किसे कहा है और क्यों?

8(ख). सोए हुए अंकुरों के जग जाने का कारण क्या है? उनमें आशाओं का संचार कैसे हुआ?

8(ग). बादल को 'ऐ विप्लव के बादल' क्यों कहा गया है?

8(घ). आशय स्पष्ट कीजिए :

तिरती है समीर-सागर पर

अस्थिर सुख पर दुख की छाया

OR

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास

पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास

जब वे दौड़ते हैं बेसुध

छतों को नरम बनाते हुए

दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए

छतों के खतरनाक किनारों तक

उस समय गिरने से बचाता है उन्हें

सिर्फ़ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत

OR

8(क). काव्यांश में 'वे' / 'उनके' सर्वनाम किनके लिए प्रयुक्त हुए हैं? वे क्या विशेष कर रहे हैं?

OR

8(ख). आशय स्पष्ट कीजिए :

जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास

OR

8(ग). 'दौड़ते हैं बेसुध' – उनकी बेसुधी के दो उदाहरण लिखिए।

OR

8(घ). 'छतों को नरम' बनाना और "दिशाओं को मृदंग की तरह" बजाना का भाव लिखिए।

9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

ब्याकुल कुंभकरन पहिं आवा।

बिबिध जतन करि ताहि जगावा।।

जागा निसिचर देखिअ कैसा।

मानहुँ कालु देह धरि बैसा।।

9(क). काव्यांश का अलंकार सौंदर्य समझाइए।

9(ख). काव्यांश की भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।

9(ग). काव्यांश किस छंद में लिखा गया है? उसका लक्षण बताइए।

10(क). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : कैसे कह सकते हैं कि 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता शारीरिक विकलांगता की चुनौती झेल रहे व्यक्ति का उपहास करती है? दो उदाहरण कविता से दीजिए।

10(ख). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : सीधी बात भी कब टेढ़ी हो कर उलझती चली जाती है? स्पष्ट कीजिए।

10(ग). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : फ़िराक़ की संकलित रुबाइयों में कवि ने जो वात्सल्य का चित्र उकेरा है उस पर टिप्पणी कीजिए।

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वह रूप का जादू है, पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा। कहीं हुई उस वक्त जेब भरी तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है!

11(क). किस जादू की चर्चा हो रही है? उसे जादू क्यों कहा गया है?

11(ख). चुंबक और लोहे का उदाहरण क्यों दिया गया है? स्पष्ट कीजिए।

11(ग). इस जादू के असर में मन की भूमिका क्या है?

11(घ). आपके विचार से इस जादू से छुटकारा पाने का उपाय क्या हो सकता है?

12(क). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : डॉ. आंबेडकर जाति प्रथा को श्रमविभाजन का स्वाभाविक विभाजन क्यों नहीं मानते? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

12(ख). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : "पहलवान की ढोलक" कहानी में कहानीकार ने महामारी फैलने से पूर्व और उसके बाद गाँव के सूर्योदय और सूर्यास्त में अंतर कैसे प्रदर्शित किया है?

12(ग). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : "माँगें हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी हैं, पर त्याग का कहीं नामोनिशान नहीं है।' – 'काले मेघा पानी दे' कहानी की इस टिप्पणी पर आज के संदर्भ में टिप्पणी कीजिए।

12(घ). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : भक्तिन महादेवी जी की समर्पित सेविका थी, फिर भी लेखिका ने क्यों कहा है कि भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा?

12(ङ). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : जीवन के संघर्षों ने चार्ली चैप्लिन के व्यक्तित्व को कैसे संपन्न बनाया? समझाइए।

13. यशोधर अपने परिवार से किन जीवनमूल्यों की अपेक्षा रखते थे? उनके मूल्य उन्हें 'समहाउ इंप्रोपर' क्यों लगते थे? स्पष्ट कीजिए।

14(क). सौंदलगेकर एक आदर्श अध्यापक क्यों प्रतीत होते हैं? 'जूझ' कहानी के आधार पर उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

14(ख). "डायरी के पन्ने" के आधार पर महिलाओं के प्रति ऐन फ्रेंक के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए।

- End of Question Paper -